एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जैकलीन फर्नांडिस का कथक डांस देख फैन्स रह गए हैरान

बॉलिवुड की सबसे हॉट और खूबसूरत ऐक्ट्रेसेस में से एक जैकलीन फर्नांडिस अपने फैन्स को चौंकाने का एक मौका नहीं छोड़तीं। लोग उनकी फिटनस और खूबसूरती के दीवाने तो हैं ही, उनके डांस के भी कायल हैं। जैकलीन के कंटेम्पररी और वेस्टर्न फ्यूजन डांस का कमाल तो सभी देख चुके हैं, लेकिन अब उनका क्लासिकल डांस भी देख लीजिए।

जैकलीन ने हाल ही में टीचर्स डे के मौके पर मोहे रंग दो लाल गाने पर कथक डांस किया और अपने इस डांस के जरिए अपने कथक गुरू को ट्रिब्यूट दिया। अपने इस डांस का विडियो जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया और देखते ही देखते यह उनके फैन्स के बीच चर्चित हो गया। किसी को भी यकीन नहीं आ रहा था कि जैकलीन कथक जैसे क्लासिकल डांस को इतनी खूबसूरती के साथ परफॉर्म कर सकती हैं। इस विडियो में आप देख सकते हैं कि जैकलीन एक डांस स्टूडियो में नाच रही हैं और उनके डांस गुरू हर स्टेप पर उन्हें गाइड कर रहे हैं। जैकलीन की फिल्मों की बात करें, तो वह हाल ही में रिलीज हुई प्रभास और श्रद्धा कपूर स्टारर साहो में एक आइटम सॉन्ग में नजर आईं। जल्द ही वह ड्राइव में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट सुशांत सिंह राजपूत होंगे।

संकट में होती हूं तो सलमान को पता चल जाता है: कैटरीना

बॉलीवुड की बार्बी गर्ल कैटरीना कैफ का कहना है कि वह जब कभी संकट में होती हैं तो सलमान खान को इसका पता चल जाता है।

कैटरीना कैफ और सलमान खान की केमिस्ट्री को जितना ऑन स्क्रीन देखकर फैंस खुश होते हैं, उतना ही उनकी जोड़ी को ऑफ स्क्रीन भी पसंद की जाती है! अक्सर सोशल मीडिया यूजर्स और उनके फैंस के बीच इनके रिलेशनशीप को लेकर बातें की जाती हैं लेकिन इन दोनों ने ऐसी खबरों को हमेशा अफवाह करार दिया है। कैटरीना कैफ ने बताया कि उनका और सलमान खान का रिश्ता क्या है। कैटरीना ने बताया कि सलमान खान के साथ उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री जैसी है वैसी रियल लाइफ में नहीं हैं। कैटरीना ने सलमान खान की तारीफ करते हुए कहा कि सलमान ने मेरी हर तरह से मदद की है। एक दोस्त होने के नाते उन्होंने वास्तव में मेरी पीठ थपथपाई है।

मेरे जीवन में कुछ ऐसे भी पहलू आए जब जिंदगी बहुत ही कठिन दौर से गुजरने लगी थी। ऐसे में ना ही मेरे पास संपर्क था और न ही कुछ नजर आ रहा था। बस जिंदगी चले जा रही थी लेकिन अचानक से सब कुछ खत्म हो गया और हम फिर वहां आ गए जहां हमें होना चाहिए।

डेनिम ड्रेस में कैटरीना दिखीं लाजवाब: बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर उनके फैंस को खूब भा रही है जिसमें वह डेनिम ड्रेस पहने हुए बेहद आकर्षक नजर आ रही हैं। यहां एक इवेंट में कैटरीना फेडेड डेनिम शॉर्ट ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उनके चेहरे पर हल्का मेकअप था और इस लुक को उन्होंने ब्लू हील्स के साथ कंप्लीट किया था। कैटरीना फिलहाल सूर्यवंशी की शूटिंग में व्यस्त हैं जिसके निर्देशक रोहित शेट्टी हैं। फिल्म में अक्षय कुमार भी हैं। कैटरीना और अक्षय की जोड़ी सूर्यवंशी के साथ नौ साल बाद वापस आ रही है।

सलमान के शो के लिए एक्ट्रेस आलीशा पंवार से किया गया है अप्रोच

भारतीय टेलीविजन का सबसे बड़ा रिएलिटी शो बिग बॉस एक नए सीजन के साथ जल्द ही कलर्स चैनल पर दिखाया जाएगा. बिग बॉस 13 के बारे में बात करें तो शो के निर्माता इन दिनों नए सीजन में लोकप्रिय सेलेब्स को अप्रोच करने में व्यस्त हैं. सीजन 13 बीते सीजन की से ठीक उलट होगा, क्योंकि इस बार शो में केवल सेलिब्रिटी ही नजर आने वाले हैं. कलर्स टीवी ने बिग बॉस 13 के लिए दो प्रोमो पहले ही जारी कर दिए हैं जिसे शो को लेकर चर्चाएं पहले से ही होने लगी हैं. पहले प्रोमो में सलमान खान स्टेशन मास्टर के तौर पर नजर आए थे जिन्होंने नए सीज़न के बारे में कुछ दिलचस्प बातों को बताया. दूसरे प्रोमो में सुरभि ज्योति और करण वाही सलमान खान के साथ नजर आ रहे हैं. बहरहाल, एक एंटरटेनमेंट पोर्टल की रिपोर्ट में बताया गया है कि निर्माताओं ने बिग बॉस 13 के लिए एक लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री से संपर्क किया है. रिपोर्ट में बताया गया है कि शो के लिए एंडमोल के साथ आलीशा पंवार की बातचीत कर रही हैं. कलर्स टीवी के शो इश्क में मरजावां में अर्जुन बिजलानी के साथ आरोही और तारा की भूमिका निभाने के लिए आलीशा को बहुत पसंद किया जाता है. उन्होंने काम की बेहतर तलाश में इस शो को मार्च में छोड़ दिया था. बता दे बिग बॉस 13 के लिए शशांक व्यास और अंगद हसीजा सहित लोकप्रिय टीवी कलाकारों को भी इस शो के लिए संपर्क किया गया था, लेकिन उन्होंने बिग बॉस 13 में भाग लेने से इनकार कर दिया. पिछले सीज़न के अलग बिग बॉस 13 की शूटिंग लोनावाला के बजाय मुंबई में होगी.